समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# वंदे गंगा – जल संरक्षण जन अभियान : 5 से 20 जून तक हनुमानगढ़ मे मनाया जाएगा जल पखवाड़ा।

Publisher Published on 03 Jun 2025



## “हनुमानगढ़ मे जल संरक्षण और जनभागीदारी को लेकर जिला प्रशासन हुआ सक्रिय, 5 जून से 20 जून तक विविध आयोजन”

सवांदाता,हनुमानगढ़,राज

स्थान

**हनुमानगढ़ मे जल संरक्षण पखवाड़ा की तैयारियां जोरों पर**

**हनुमानगढ़,राजस्थान :** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में **5 जून से 20 जून 2025** तक “**वंदे गंगा – जल संरक्षण जन अभियान**” के अंतर्गत जल संरक्षण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसी को लेकर **जिला कलेक्टर श्री.काना राम** ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।

इस बैठक में विभागीय योजनाओं, **योग दिवस, हरियालो राजस्थान अभियान**, और **वंदे गंगा अभियान** से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**जल स्रोतों की मरम्मत और जनजागरूकता पर ज़ोर**

कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है:

१. **परंपरागत एवं नवीन पेयजल स्रोतों की मरम्मत, रंग-रोगन, साफ-सफाई पूजा-अर्चना द्वारा जल स्रोतों के प्रति सम्मान व्यक्त करना**।

२. **आमजन, जनप्रतिनिधियों और मनरेगा श्रमिकों की भागीदारी से जनजागरूकता बढ़ाना**।
उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गांव और शहरों में वार्ड/ग्राम स्तर पर प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

**पर्यावरण और योग दिवस कार्यक्रम भी होंगे आयोजित**

**5 जून** को **विश्व पर्यावरण दिवस** पर जिला स्तरीय कार्यक्रम धन्नासर में होगा, जहां 251 पौधे लगाए जाएंगे। **वहीं 4 जून** को जिला मुख्यालय पर **साइकिल रैली** आयोजित की जाएगी।

कलेक्टर ने निर्देश दिया कि **अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून)** पर सभी उपखंडों में विशेष योग सत्र हों, विशेष रूप से प्रमुख पर्यटक स्थलों पर। इसके अलावा उन्होंने **टीबी मुक्त भारत अभियान, मंगला पशु बीमा योजना**, और फसलों की एमएसपी पर खरीद की भी समीक्षा की।

**खेल आयोजन भी पखवाड़े का हिस्सा**

कलेक्टर ने बताया कि **7 जून** को **जिला स्तरीय मानस टेनिस खेल प्रतियोगिता** का आयोजन किया जाएगा, जिससे युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ेगा।

**बैठक मे अंधिकारी रहे उपस्थित**

इस मौके पर **जिला परिषद सीईओ श्री.ओपी बिश्नोई, एसडीएम श्री मांगीलाल, सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, और अन्य सभी जिला स्तरीय अधिकारी** उपस्थित रहे।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.